दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता



लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9977442619
9425442435

डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/21-23 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता

लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र

वर्ष-22 अंक- 03 ( सांध्य दैनिक ) राजगढ़, शनिवार 12 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रूपया

## शुभांशु शुक्ला अब 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे

- मिशन आगे बढ़ा,पहले 10 जुलाई को स्पेस स्टेशन से वापसी होनी थी

**टेक्सास (एजेंसी)।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। एक्सियम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य



इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। एक्सियम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी।

## पंजाब में बेअदबी पर नया कानून पेश करेगी एएपी सरकार

- चारों धर्मों के ग्रंथ शामिल आजीवन कारावास तक है संभव

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार आज विधानसभा में धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी को लेकर बिल पेश करेगी। यह बिल पंजाब पवित्र ग्रंथ (अपराधों की रोकथाम) एक्ट, 2025 के नाम से हो



सकता है। इसके तहत बेअदबी करने वालों को 10 साल तक कैद की सजा हो सकती है। अगर बेअदबी की वजह से कोई हिंसा या उसमें किसी की मौत होती है तो ऐसी सूरत में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। हालांकि, इस बिल के बारे में आधिकारिक तौर पर अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

## जैसे-जैसे बढ़ रही जांच वैसे-वैसे खुल रहीं परतें

- टूट रहा जलालुद्दीन का तिलिस्म, थी 50 कमांडो की फोर्स

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण रैकेट के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद जैसे-जैसे एटीएस की जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे उसके काले साम्राज्य की परतें खुल रही



हैं। अब जो बड़ा खुलासा हुआ है, वह उसकी निजी कमांडो फोर्स को लेकर है। बताया जा रहा है कि छांगुर बाबा की 50 युवकों की कमांडो फोर्स बाबा के लिए कुछ भी करने को तैयार थी। फिलहाल छांगुर बाबा और उसकी साथी नीतू उर्फ नसरीन एक हफ्ते की पुलिस रिमांड पर है। इसमें एटीएस धर्मांतरण और कमांडो फोर्स समेत कई एंगल पर पूछताछ कर छांगुर बाबा के साम्राज्य की जड़े खोदने की कोशिश कर रही है।



# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

- सावन के पहले दिन मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब
- फूलों से सजे मंदिर,वाराणसी से उज्जैन तक रही भारी भीड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुक्रवार को सावन का पहला दिन रहा। इसके चलते देशभर के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं, उज्जैन बाबा महाकाल का पंचामृत अभिषेक हुआ। हिंदू धर्म में सावन महीने का विशेष महत्व है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा समाप्त होने के साथ ही 11 जुलाई से सावन के महीने की शुरुआत हो गई। ऐसे में मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग भोर से ही मंदिरों में लंबी लाइन लगाए हुए दिखे। इसके साथ ही मंदिरों को फूलों से सजाया गया। लोग



पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। दिल्ली, वाराणसी, हरिद्वार, उज्जैन, अयोध्या के साथ-साथ तमाम शहरों में लोग भोले बाबा के दर्शन करने के लिए पहुंचे। इस बार सावन का महीना 29 दिन का होगा और ये 11 जुलाई से लेकर 9 अगस्त तक रहेगा। इस बार सावन में 4 सोमवार पड़ेंगे- पहला 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा 4 अगस्त। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक, सावन महीने में ही भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। ऐसे में सावन की शुरुआत से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जो पूरे महीने जारी रहने वाली है। सावन के चारों सोमवार को श्रद्धा और नियम के साथ पूजा करने पर भगवान शिव सभी कठिनाइयों को हर लेते हैं, ऐसी सोच के साथ श्रद्धालु भोले बाबा पर जल चढ़ाने पहुंचते हैं।

## बीजेपी ने टी राजा सिंह का इस्तीफा कर लिया मंजूर

- पार्टी ने विधायक की बयानबाजी को भी बताया गलत

**हैदराबाद (एजेंसी)।** बीजेपी ने तेलंगाना से विधायक टी राजा सिंह के इस्तीफे को मंजूर कर लिया है। बीजेपी के फायरब्रांड नेता रहे टी राजा सिंह प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से ठीक पहले बीजेपी छोड़ने का ऐलान किया था। टी राजा सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।



यह इस्तीफा उन्होंने तत्कालीन बीजेपी प्रेसीडेंट जी किशन रेड्डी को भेजा था। टी राजा सिंह हैदराबाद की गोशामहल सीट से विधायक हैं। बीजेपी ने तेलंगाना में एन रामचंदर राव को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। रामचंदर राव की नियुक्ति से पहले टी राजा सिंह ने कहा था कि उनके नाम के लिए आंध्र के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने सिफारिश की है। इन आरोपो के साथ टी राजा सिंह ने पार्टी छोड़ते हुए इस्तीफा दिया था। अपने फायरब्रांड तेवरों के लिए चर्चा में रहने वाले टी राजा सिंह पहली बार 2014 में जीते थे। 2023 के विधानसभा चुनावों में वह तीसरी बार निर्वाचित हुए थे। टी राजा सिंह की गोशामहल विधानसभा असुदद्दीन ओवैसी के लोकसभा क्षेत्र में आती है। टी राजा सिंह ने चुनावों में बीआरएस के उम्मीदवार को हराया था। 2009 में टी राजा सिंह ने यह सीट कांग्रेस से छीनकर बीजेपी के खाते में डाली थी।

## सवा करोड़ बहनों के खाते में आज आएंगे पैसे

- सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे 26वीं किस्त जारी, तैयारी हो गई है पूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की सवा करोड़ महिलाओं के लिए कल 12 जुलाई का दिन खास है। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 26वीं किस्त का पैसा मुख्यमंत्री मोहन यादव लाभार्थी महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करेंगे। पहले माना जा रहा था कि जुलाई में 1250 के बजाय 1500 रुपये मिलेंगे लेकिन अब साफ हो गया है कि 12 जुलाई को खाते में 1250 रुपये ही आएंगे। सीएम रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रुपये अलग



से देने का ऐलान कर चुके हैं। कैबिनेट से इसके लिए बजट भी मंजूर हो चुका है। मगर यह पैसा जुलाई में नहीं मिलेगा। लाडली बहना योजना के अंतर्गत शुरुआत में 1000 रुपये दिए जाते थे। बाद में इसे बढ़ाकर 1250 रुपये कर दिया गया। अभी 1250 रुपये ही मिलते हैं। हालांकि सीएम कह चुके हैं कि दीवाली से महिलाओं को 1500 रुपये मिलेंगे और 2028 तक 3000 रुपये मिलना शुरू हो जाएंगे। रक्षाबंधन 9 अगस्त को है जबकि लाडली बहना योजना की किस्त का पैसा 10 से 15 तारीख के बीच में खातों में ट्रांसफर किया जाता है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि जुलाई में महिलाओं को 1500 रुपये मिलेंगे।

# विद्यार्थी सिर्फ पढ़ाई करें, उनके ऊज्जवल भविष्य की चिंता सरकार करेगी: सीएम

## सीएम बोले-बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए कार्य कर रही है राज्य सरकार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2047 तक भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनेगा और इसमें देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रदेश सरकार बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं। शासकीय स्कूलों में कक्षा 6 और 9 के

- कहा-विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने में युवाओं की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

विद्यार्थियों को लगभग 5 लाख साइकिलें वितरित की जा रही हैं। बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म तैयार करवाकर दी जाएंगी। सरकार ने शैक्षणिक-सत्र की शुरुआत से पहले ही बच्चों को किताबें बांटी हैं। अब पुण्योदय प्रकल्प के माध्यम से कॉपियां भी उपलब्ध करा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर में हिंद रक्षक संगठन द्वारा पुण्योदय प्रकल्प के 21वें वर्ष के अवसर पर बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रियजनों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कॉपी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपी वितरित




की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में बच्चों के सपने पूरे किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थी स्कूल में टॉप करेगा राज्य सरकार उसे इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान करेगी। नीट पास करने वाले विद्यार्थियों के चिकित्सा शिक्षा की फीस में भी सरकार सहायता कर रही है। आगामी दो वर्ष में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 50 तक पहुंचेगी। सरकार द्वारा युवाओं के स्वावलंबन के लिए प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत से उल्लेखनीय कार्य किये। विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपियां वितरण का कार्य भी उनकी पुण्य-स्मृति में ही है। इंदौर में प्रतिवर्ष रंगपंचमी मनाने का अपना अलग आनंद है, रंगपंचमी को यह भव्य स्वरूप प्रदान करने का श्रेय भी पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ को ही जाता है। कार्यक्रम के आयोजक हिंद रक्षक संगठन के संयोजक एकलव्य ने भी जानकारी दी।

# महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश

## राहुल बोले-इलेक्शन कमीशन भाजपा का काम कर रहा



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा में कहा- महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने नई साजिश शुरू की है। वह भाजपा के हिस्से का काम कर रहा है। अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल ने आगे कहा- महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा के बीच में 1 करोड़ नए वोटर आ गए। आज तक पता नहीं चल पाया कि ये वोटर्स कहां से आए। हमने इलेक्शन कमीशन से कई बार कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट, वीडियोग्राफी दीजिए। उन्होंने नहीं

- कांग्रेस नेता ने कहा-अडाणी चला रहे हैं ओडिशा सरकार

दिया। हम इलेक्शन कमीशन और भाजपा को बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने देंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली 'संविधान बचाओ समावेश' सभा को संबोधित किया।

## राम सिंह, यशपाल और रविंद्र भी ले रहे हैं विधवा पेंशन

- यूपी में सरकारी योजनाओं में बड़ा खेल, घोटाले का पर्दाफाश

**लखनऊ (एजेंसी)।** इससे पहले हम कहानी को आगे बढ़ाएं..पहले ये कुछ नाम पढ़ लीजिए। यशपाल, दीपू, रविंद्र सिंह और राम सिंह। आप कहेंगे कि इन नामों के



आखिर क्या खास है। दरअसल ये पुरुष वो हैं, जो महिलाओं को मिलने वाली विधवा पेंशन उठा रहे हैं। जी हां, यूपी के बरेली में सरकारी योजनाओं में बड़ा खेल सामने आया है। बात सिर्फ विधवा पेंशन तक ही नहीं रुकी अन्य स्कीमों में भी बड़ा खेल है।

# डिजिटल ट्रांजेक्शन में भारत देश एक नम्बर पर: सारंग

## कहा-कॉमन सर्विस सेंटर लोगों को सुविधा देने का साधन

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर जहां एक ओर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है, वहीं इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार के साधन भी उपलब्ध हो रहे है। देश के विकास में सरकार के लिये गये निर्णयों में सीएससी का गठन सबसे अग्रणीय निर्णय रहा। आज भारत देश डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले में नम्बर एक पर है। मंत्री श्री सारंग ने यह बात सीएससी दिवस के उपलक्ष्य में आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित कार्यशाला में कहीं। इस अवसर पर सीएससी के राज्य प्रमुख अतुलित राय भी उपस्थित थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और कल्याण के कार्य किये जा रहे है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पारदर्शिता के साथ योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है, इसमें बीएलई की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर व्यक्ति में ईमानदारी और कर्तव्य बोध है, इसे जगाने की जरूरत है। सीएससी के माध्यम से लोगों



तक सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बीएलई प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लोगों और सरकार का काम कर रहे। उनके व्यवहार, आचरण और कार्य पद्धति से व्यवस्था परिलक्षित होती है। बीएलई द्वारा लोगों के अच्छे कार्य किए जा रहे हैं।



# चीन का क्या होगा...

- क्रिटिकल मिनरल्स से लेकर डिफेंस क्षेत्र तक में मोर्चाबंदी

## भारत को कब तक रोक सकेगा ड्रैगन, शुरू हो गया है 'खेला'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इसलिए भारत एक नई रणनीति पर काम कर रहा है। यह रणनीति चीन के दबदबे को कम करने के लिए है। चीन का दबदबा दुर्लभ खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में है। दुनिया में ताकत का समीकरण भी तेजी से बदल रहा है। भारत अब चीन की चालों पर सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। भारत अन्य देशों के साथ मजबूत रणनीतिक रिश्ते भी बना रहा है। जरूरी संसाधन जुटा रहा है। अपने उत्पादन को बढ़ा रहा है। इससे आने वाले वर्षों में भारत चीन को कई मामलों में टक्कर दे पाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता खनिज पदार्थों की सप्लाई को लेकर है। यह भारत के लिए बहुत जरूरी है। इससे भारत चीन पर अपनी निर्भरता कम कर पाएगा। मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कमिश्नर नाथन डेविस के अनुसार, भारत की सरकारी कंपनी सहित कई भारतीय कंपनियों को ऑस्ट्रेलिया के खनिज भंडारों में सीधे निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। भारत सरकार एक और योजना बना रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना के तहत रेयर अर्थ मैग्नेट के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राशि दी जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया के साथ महत्वपूर्ण सहयोग, भविष्य का सौदा

ऑस्ट्रेलिया में दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम का भंडार है। इसलिए यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है। इससे भारत को हरित ऊर्जा के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस साझेदारी से भारत को 2027 तक 1 करोड़ सोलर पैनल लगाने में भी मदद मिलेगी। लिथियम, तांबा, इंडियम और गैलियम जैसे खनिज पदार्थ सोलर पैनल और बैटरी बनाने के लिए जरूरी हैं। यह समझौता भारत की साफ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करेगा। साथ ही, यह भारत के उद्योगों को चीन के दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण से भी बचाएगा। चीन इन खनिजों के निर्यात पर लगभग एकाधिकार रखता है। इससे दुनिया भर में सप्लाई चेन प्रभावित होती है। भारत दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना चाहता है।

संक्षिप्त समाचार

## निर्वाचक नामावली त्रुटिरहित बनाने बीएलओ को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**रायसेन (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों के अंतर्गत बीएलओ क्षमता विकास हेतु जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 07 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस 08 जुलाई को जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 141-भोजपुर में 86 बीएलओ, 142-सॉंची में 114 बीएलओ तथा 143-सिलवानी में 67 बीएलओ को विधानसभावार पृथक-पृथक कक्षों में जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विविध प्रावधानों एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, फॉर्मो को भरना तथा केस स्टडीज, बीएलओ एप आदि का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षित बीएलओ का ऑनलाईन मूल्यांकन किया गया।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप मिलने से खुश हैं सुमित सिंह




**रायसेन (निप्र)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। रायसेन निवासी सुमित सिंह ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन में कक्षा 12वीं की परीक्षा 88.6 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की है और उन्हें प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रू की राशि प्राप्त हुई है। लैपटॉप खरीदने हेतु राशि मिलने से सुमित सिंह बेहद खुश हैं और प्रतिभाशीली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहते हैं उन्हें लैपटॉप मिलने से ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल संसाधनों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। यह लैपटॉप उनकी पढ़ाई को और अधिक प्रभावी और सुगम बनाएगा। सुमित ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने और डिजिटल शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए की जा रही यह पहल छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बीएलओ क्षमता विकास हेतु जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**रायसेन (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों के अंतर्गत बीएलओ क्षमता विकास हेतु जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 07 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण के तृतीय दिवस 09 जुलाई को जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र, विधानसभा क्रमांक 140-उदयपुरा में 91 बीएलओ, 141-भोजपुर में 87 बीएलओ, 142-सॉंची में 50 बीएलओ तथा 143-सिलवानी में 67 बीएलओ को विधानसभावार पृथक-पृथक कक्षों में जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विविध प्रावधानों एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, फॉर्मो को भरना तथा केस स्टडीज, बीएलओ एप आदि का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षित बीएलओ का ऑनलाईन मूल्यांकन किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 142-सॉंची अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायसेन (डाईट) में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण का उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी बीएलओ को पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मदिरा के अवैध विक्रय के विरुद्ध कुल 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा (निप्र)।** कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा मोहल्ला, ग्राम कमताड़ा, मसनगांव, धूपकरण, रहटाकलां, बिचपुरी सर्कुलर व सांवलखेड़ा में दबिश दी। दबिश के दौरान 29 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 410 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 46800 रुपये है।

# कलेक्टर-एसपी ने बाढ़ राहत की तैयारियों, मूंग उपार्जन केंद्रों, बीएलओ प्रशिक्षण एवं धरती आबा शिविर का किया निरीक्षण

### बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों को रखा जाए चाक चौबंद : कलेक्टर



**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने भैरूंदा में चल रहे बीएलओ प्रशिक्षण, लाड़कुई और रेहटी में बनाए गए मूंग उपार्जन केंद्र एवं ग्राम कोसमी में लगाए गए धरती आभा अभियान के शिविर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंनें बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों के संबंध में ग्राम छिंदगांव काछी पहुंचकर कोलार नदी, नीलकंठ एवं आंवलीघाट पहुंचकर नर्मदा नदी तथा रेहटी थाने का निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम श्री मदनसिंह रघुवंशी, बुधनी श्री डीएस तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने ग्राम छिंदगांव में कोलार नदी तथा नीलकंठ एवं आंवलीघांट पर बाढ़ राहत एवं बचाव के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने नर्मदा तथा कोलार नदी का जल स्तर भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों में बाढ़ के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य स्थितियों से निपटने के लिए सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जाएं। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव के सभी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और रेस्क्यू टीम को अलर्ट मोड पर रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय रखें, ताकि सूचना मिलते ही त्वरित राहत एवं बचाव की कार्रवाई कर जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुल, पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्ग की निगरानी की जाए और पुल पुलियों पर पानी होने की स्थिती में नागरिकों को इन्हें पार करने से रोका जाए। इसके लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों के संबंध में रेहटी थाने का भी निरीक्षण किया।

**मूंग उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण :** कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने लाड़कुई एवं रेहटी में मूंग उपार्जन के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रो पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि विक्रय के लिए उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। यदि किसानों को कोई समस्या आये तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छ पेयजल, बैठने के लिए कुर्सियों सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या में तौल कांटे, हम्माल एवं तुलावटी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

### ग्राम कोसमी पहुंचकर धरती आबा शिविर का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने ग्राम कोसमी में धरती आबा अभियान के तहत आयोजित किए गए शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही न छूटे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि किस परिवार को कौन सी योजना का लाभ अभी तक नही मिला है और उस योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। यह अभियान जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य चलाया जा रहा है जो सरकार का प्राथमिकता वाला अभियान है। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शिविरों में समय पर उपस्थित हो और जनजातीय समुदाय के सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करें।

### बीएलओ प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने भैरूंदा में बूथ लेवल ऑफिसर्स को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ की सभी शंकाओं का समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची के सुधार एवं बूथ लेवर ऑफिसर्स की शंकाओं का समाधान करना हैं। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन करना सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकरी दी जाए। इसके साथ ही सभी को बीएलओ के दायित्वों के बारे में भी बताया जाए, ताकि मतदाता सूचि के शुद्धिकरण की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके।

# जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर आयोजित




**बैतूल (निप्र)।** जिले में जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रतिमाह की 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े ने बताया कि 9 जुलाई को जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच हुई। इनमें गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया। इनकी नियमित निगरानी कर उचित प्रबंधन के साथ ही सुरक्षित प्रसव करवाया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ.हुरमाड़े ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संस्था में आवश्यक जांचे, चिकित्सकीय परीक्षण, परामर्श और हाई रिस्क महिलाओं का उचित प्रबंधन कर संस्थागत सुरक्षित प्रसव करवाना है जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में प्रतिमाह की 9 तारीख को समस्त गर्भवती महिलाओं की जांच एवं 25 तारीख को हाई रिस्क (उच्च जोखिम वाली) गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाता है।



## कलेक्टर ने वाटरशेड विकास कार्यों की समीक्षा की

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित सभा कक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड विकास घटक के कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में उन्होंने वाटर शेड के कार्यों की जानकारी ऑनलाइन अंकित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित सरपंचों से संवाद कर पंचायत स्तर पर किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। सरपंचों द्वारा ग्राम की समस्याओं व सुझावों से भी अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंचायत स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को निर्धारित बजट में से उक्त कार्यों को पूर्ण कराए जाने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने वाटरशेड विकास कार्य मद अंतर्गत पूर्ण कार्यों के प्रस्तुत विवरण की जानकारी भी ली। उन्होंने अमृत सरोवर , चेक डैम, कंटूर ट्रंच, खेत तालाब, ग्रेबियम तालाब और सामुदायिक वृक्षारोपण के कार्यों की समीक्षा भी की। साथ ही साथ उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में नरवाई ना जलाने व नरवाई प्रबंधन के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उक्त समीक्षा बैठक में उन्होंने जिन योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों को ऋण मुहैया कराए गए हैं उसकी राशि समय सीमा में वसूल करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं में उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम ग्राम भ्रमण कर अधिकारियों से भूसा मशीन, मसाला उत्पादन मशीन सहित इत्यादि कार्यों के लिए भी मशीन क्रय करने के निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में परियोजना प्रारंभ से एनआरएलएम के कार्यों की वित्तीय प्रगति की जानकारी, वाटरशेड विकास कार्यों के अतिरिक्त 15 प्रतिशत के वित्तीय प्रगति की जानकारी, विभिन्न मद अंतर्गत प्रावधानित राशि के विरुद्ध व्यय का विवरण, वाटरशेड विकास कार्य मद अंतर्गत पूर्ण कार्यों का विवरण, वृक्षारोपण, सब्जी के क्लस्टर आधारित उत्पादन की प्रगति की समीक्षा, एफपीओ का विवरण, आजीविका उन्नयन गतिविधि हेतु स्व सहायता समूह के साथ बैठक के कार्यों की समीक्षा, सब्जी उत्पादन हेतु पात्र कृषकों का प्रशिक्षण, इत्यादि कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया ने भी उक्त कार्यों के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में समिति के सदस्य गण सरपंच व कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**बैतूल (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े द्वारा बुधवार को डीईआईसी जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र जिला चिकित्सालय बैतूल में एक पेड़ मॉं के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। सीचएमएचओ डॉ.मनोज कुमार हुरमाड़े ने कहा कि वास्तव में पर्यावरण संतुलन के लिये सबसे ज्यादा आवश्यक पौधरोपण है, यदि प्रत्येक कर्मचारी पौधारोपण का संकल्प ले तो यह कदम प्राकृतिक संतुलन के लिये बहुत प्रभावी होगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश घोरे, आरएमओ डॉ रानू वर्मा, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ रूपेश कुमार पदमाकर, डॉ नीतेश चौकीकर एवं डीईआईसी मैनेजर श्री योगेन्द्र दंवडे सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम सेमली खुर्द में संचालित एसएचजी की गतिविधियों का किया निरीक्षण



**सीहोर (निप्र)।** जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले के ग्राम सेमली खुर्द में स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित मल्टी टियर खेती मॉडल का अवलोकन किया। इस मॉडल के तहत दीदियों द्वारा सेब, अमरूद सहित विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा की और दीदियों द्वारा आजीविका और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन को जानकारी दी गई यह गतिविधियां एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं अर्पण सेवा संस्थान द्वारा स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को आजीविका से जोड़ने और सशक्त बनाने के लिए संचालित की जा रही है। इसके साथ ही पूरा गांव स्व सहायता समूह से सैचुरेट हो चुका है और इस गांव की महिलाएं कृषि एवं पोषण सुरक्षा को बढ़ावा दे रही हैं। निरीक्षण के दौरान एनआरएलएम के डीपीएम श्री दिनेश बर्फा, एपीओ श्री गुलाब सिंह अहिरवार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की दीदियां उपस्थित थीं।

# सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही का किया निरीक्षण

### कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहने की दी चेतावनी



**बैतूल (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने 9 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता रखने, मरीजों को बैठने की आवश्यक व्यवस्था करने, समस्त काउंटर चिकित्सालय समय पर विधिवत खोलने एवं समय पर उपचार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वाति बरखड़े को भी आवश्यक निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.हुरमाड़े ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप भैंसदेही चिकित्सालय में प्रसूता श्रीमती सोनाली पत्नी श्री सदाशिव बड़ोदे एवं श्रीमती पूनम पत्नी श्री राजेश पांसे निवासी बालनेर को उनके नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल प्रशासन की तत्परता को दर्शाती है, बल्कि नवजात के अधिकारों की शुरुआत को भी मजबूत करती है। डॉ.हुरमाड़े ने बताया कि छुट्टी के समय ही सभी प्रसूताओं को जन्म प्रमाण-पत्र वितरित किया जाना प्रारंभ करने से प्रमाण-पत्र वितरण में आने वाले अनावश्यक विलम्ब एवं प्रमाण-पत्र प्राप्ति के लिए आने-जाने की असुविधा से राहत मिलेगी।

जन्म प्रमाण-पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके आधार पर शिशु के आगामी पहचान पत्र बनाए जाते हैं। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही के समस्त मैदानी अमले सीएचओ, सुपरवाईजर, एएनएम की समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा ली गई। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं टीबी स्क्रीनिंग को तत्काल रूप से बढ़ाने के निर्देश दिए। विकासखंड के टीबी एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग की लक्ष्य पूर्ति में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने एवं किस प्रकार शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जा सकती है तथा इसकी मॉनिटरिंग के विषय में विस्तृत निर्देश दिए। उन्होनें मातृ-मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण को कम करने के उपाय बताये हुए इसे कम करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण माह के बारे में आवश्यक जानकारी देकर राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त भारत अभियान तथा एक पेड़ मॉं के नाम अभियान की भी समीक्षा की।

उन्होंने समस्त सीएचओ, सुपरवाईजर, एएनएम को सख्त दिए कि अपने निर्धारित मुख्यालय पर निवास करें अन्यथा आगामी माह में उनका वेतन आहरण नहीं किया जाएगा। सभी उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रातः 9 बजे तक अनिवार्य रूप से खोले जाए, समस्त सुपरवाईजर, एएनएम प्रतिमाह की 5 तारीख तक अपना टूर प्रोग्राम अनिवार्य रूप से कार्यालय में जमा करें। साथ ही उन्हें दैनिक डायरी लिखने के भी निर्देश दिए गए। समस्त सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाईजर एवं सहयोगी अपने निर्धारित यूनीफार्म में रहने के लिए निर्देशित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### देवास जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गोवंशों के गले में बांधी जा रही है रेडियम की पट्टी



**देवास (निप्र)।** देवास जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गोवंशों के गले में रेडियम की पट्टी बांधी जा रही है एवं सिंग पर रेडियम लगाया जा रहा है, ताकि रात में भी उन्हें आसानी से देखा जा सके। इस पहल से न केवल गोवंशों की सुरक्षा होगी बल्कि सड़क पर चलने वाले लोगों को भी दुर्घटनाओं से बचाया जा सकेगा। गोवंश के वाहनों से टकराने से दुर्घटनाएं होती है और गोवंश भी चोटिल होते है। रेडियम पट्टी से गोवंश दूर से दिखाई दे सकेंगे, इससे उनकी सुरक्षा के साथ ही सड़क पर आवागमन कर रहे लोग भी आकस्मिक दुर्घटना से सचेत और सतर्क रहेंगे। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने गोवंश के वाहनों से टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मंगलवार को टीएल बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को गोवंशों के गले में रेडियम की पट्टी एवं सिंग पर रेडियम लगाने के निर्देश दिये थे।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इंदौर का एक और ऐतिहासिक कदम, महापौर एवं आयुक्त द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**इन्दौर (निप्र)।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में एक और पर्यावरणीय उपलब्धि जोड़ते हुए 11 जुलाई 2025 को केसर बाग रोड स्थित 5 एकड़ क्षेत्र में फ्सिटी फॉरेस्टफ् के रूप में 51,000 से अधिक पौधों के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और जलवायु संतुलन जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, हरित और संतुलित पर्यावरण मिल सके इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की सफल एवं व्यवस्थित रूप से तैयारियों को सुनिश्चित करने हेतु महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा केसर बाग रोड स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए और समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक श्री मधु वर्मा, पार्षद श्री योगेश गेंदर सहित नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एक बगीया मां के नाम परियोजना का प्रशिक्षण

**शाजापुर (निप्र)।** महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में एक बगीया मां के नाम परियोजना के अंतर्गत निजी भूमि पर उद्यानिकी पौधारोपण के लिये सी.टी.सी. प्रशिक्षण केन्द्र शाजापुर में आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह की दीदियों एवं कृषि सखी महिला सदस्यों को परियोजना के सबंध में प्रशिक्षित किया गया प्रशिक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद पंचायत शाजापुर प्रभारी सीईओ श्री राजकुमार हलदर, जिला पंचायत मनरेगा लेखाधिकारी श्री मोहित गुप्ता, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्री नितेश यादव, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन श्री राजेश पाण्डे, श्री मनोज जोशी एवं श्री शरद तिवारी ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

### गुरुजनों के सम्मान में भावभीना आयोजन, शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र. 2 में गुरुपूर्णिमा उत्सव गरिमामय रूप से सम्पन्न



**इन्दौर (निप्र)।** 'शुद्ध भाव स्व तेरा ध्यान लगाएं हम, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम' — इन भावपूर्ण पंक्तियों के साथ शा. सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में गुरुपूर्णिमा उत्सव पूरे श्रद्धा भाव और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का आयोजन छात्राओं द्वारा संयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने गुरुजनों का पूजन कर उन्हें सम्मान अर्पित किया। सभी छात्राओं ने सामूहिक रूप से एक भावविभोर कर देने वाला गीत प्रस्तुत कर अपने गुरुजनों के प्रति आदर और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में छात्राएं — दीपशिखा रघुवंशी, प्रगति बड़े, नेहा गुप्ता, प्राची प्रजापत, रानी धीमान, पिंकी धुर्वे, रिया नागोरी, भावना प्रजापत, सृष्टि रघुवंशी, कोमल सोलंकी और ज्योति कुमी ने भी अपने विचार व्यक्त कर गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित किया। उत्सव के अंतर्गत एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका शिक्षिका श्रीमती सुषमा राठौर रहीं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने स्कूलों में गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे।

# ननि भविष्य को देखते हुए देवास के लिए लॉंग टर्म ट्रैफिक मोबेलिटी प्लान बनाये - कलेक्टर

**देवास (निप्र)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोत, विधायक प्रतिनिधि श्री भरत चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक श्री एच एन बाथम, ट्रैफिक टीआई श्री पवन कुमार सहित नगर निगम, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिए कि शहर में फुटपाथ और सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाये। नगर निगम शहरी क्षेत्र से गोवंशों को गोशाला में शिफ्ट करें। बिना अर्थदण्ड लगाये किसी भी गोवंश को नहीं छोडे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्कूल वाहन चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाये। इसके लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करें। नवचार करते हुए पोर्टल बनवाये और वाहन चालक की सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा बरसात को देखते हुए शासकीय-अशासकीय जीर्णशीर्ण भवनों को तोड़ने की कार्यवाही करें। नगर निगम शहर में जीर्णशीर्ण भवनों का चिन्हाकन कर उन्हें तोडने की कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि उज्जैन तिराहा से नागुखेड़ी बायपास तक मार्ग का फोर-लेन निर्माण किया जाना है। नगर निगम उज्जैन तीराहा से नागुखेडी तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिये कि नए रोड पर कहा-कहा कट पॉइंट बनेंगे उसका निर्णय सड़क सुरक्षा समिति में होगा। रोड का कार्य भविष्य को देखते हुए व्यवस्थित तरीके से किया जाये, जहाँ रोड मिल रहे वहाँ थ्री डी प्लानिंग कर कार्य करें।



कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि माताजी टेकरी के पास जिन्हें दुकान लगाने का लाइसेन्स दिया है, उनकी ही दुकान लगने दी जाये। इनके अलावा काई दुकान नहीं लगनी चाहिए, वहां अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। नगर निगम देवास में भविष्य को देखते हुए लॉग टर्म ट्रेफिक मोबेलिटी प्लान बनाये। बस स्टैंड पर पार्किंग के प्लान बनाये। मीठा तालाब की सफाई करें। नगर निगम शहर में महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइट लगाये। नगर निगम शहर में एबी रोड़ पर फुटपाथ पर लग रही सब्जी की दुकानें हटाये। कलेक्टर श्री सिंह ने जीडीसी कॉलेज, रूपाखेडी में रेलवे ब्रिज के पास लाईट लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि कलवार घाट पर दोनों ओर कॉन्वेक्स लेंस लगाए।कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिये कि शहर में नो पार्किंग एरिया में गाड़ी पार्क करने वालों पर कार्यवाही करें। शहर में नो पार्किंग के बोर्ड लगाए और अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में नजूल की भूमि और पोस्ट ऑफिस के सामने से अतिक्रमण हटाये। सड़को का पेच वर्क कार्य अच्छे से करें। कलेक्टर श्री सिंह ने आरटीओ को निर्देश दिये कि रेती मण्डी को नेशनल हाइवे से अन्य जगह शिफ्ट करें। नगर निगम बकरा हाट के लिए 05 दिन में जगह देखे और बकरा हाट को अन्य जगह शिफ्ट करें। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि आईएसबीटी को ध्यान में रखते हुए ब्रिज बनाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले एवं शहर में सभी कनेक्टिंग रोड पर रम्बल स्ट्रिप लगाए। ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर कार्यवाही करें। उन्होंने मक्सी बायपास पर सिद्धिविनायक रेस्टोरेंट के पास से बिजली के पोल को शिफ्ट करने निर्देश दिये।कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि बरसात को देखते हुए पुलों के पास साईन बोर्ड लगाए कि पुल पर पानी होने पर कोई पार नहीं करें। उन्होंने कहा कि राहवीर योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें। राहवीर योजना अंतर्गत दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को 15 अगस्त को सम्मानित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने पूर्व में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर किये गए कार्यो की जानकारी ली।



## विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास और हाटपीपल्या के बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**देवास (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारियों के लिये राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 170-सोनकच्छ, 173-खातेगॉव एवं 174-बागली के बीएलओ को 14 से 17 जुलाई तक विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 171- देवास एवं 172- हाटपीपल्या के बीएलओ को शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 11 जुलाई तक चलेगा। प्रशिक्षण में बीएलओ को नामावली से संबंधित विधिक प्रावधान तथा निर्वाचक नामावली को तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे कर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करने, मृत/स्थानांतरित/दोहरी प्रविष्ठि वाले मतदाताओं के नाम नामावली से हटाने की प्रक्रिया, नामावली के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंट से संबंधित समस्त प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बीएलओ एप, वोटर हेल्पलाईन एप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल की तकनीकी की बारिकियों से भी कराया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री नागर द्वारा विकासखण्ड तिरला के आदर्श ग्राम सलकनपुर में एक पेड मां के नाम हेतु पौधारोपण किया

**धार (निप्र)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर द्वारा बुधवार को विकासखण्ड तिरला के आदर्श ग्राम सलकनपुर में आयोजित एक पेड मॉ के नाम विषय पर आयोजित कार्यक्रम में नागेश्वर मंदिर के दर्शन एवं गाय पूजन करके शमशान घाट पर त्रिवेणी का रोपण किया गया।



साथ ही बालाजी परिसर, शमशान घाट एवं नागेश्वर मंदिर के लिए नवांकुर समिति परम वैभव सामाजिक कल्याण समिति के द्वारा बावडी की सुंदरता हेतु स्वच्छता कार्य, स्थान पर कुर्सीयॉ, विभिन्न सामाजिक व्यक्तियों द्वारा जालियों में रोपित पौधे एवं नवीन बनाये गये दर्शनीय स्थान का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे ग्राम का शरीर शहर जैसा हो, किन्तु उसमें आत्मा ग्राम की होना आवश्यक है ऐसे आदर्श ग्राम का विकास आज की युवा को करना है।

उसके पश्चात बालाजी धाम में हनुमानजी की पूजा करने के उपरांत बावडी, एवं स्थान का अवलोकन किया गया। जिसमें पोस्टर के माध्यम से पूर्व के स्थान एवं वर्तमान स्थान को दिखाया गया। परिसर में किए गए कार्यो का अवलोकन, बावड़ी पुनर्जीवन एवं वृक्षारोपण का अवलोकन कर मार्गदर्शन दिया गया। श्री नागर ने वहॉ उपस्थित ग्रामीणो, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम के युवाओं को अपने उदबोधन में आदर्श ग्राम पूर्ण करने के लिए कहा गया। आदर्श ग्राम में समरसता हो, नशा मुक्त ग्राम, लघु उद्योग, फसलो के आधार पर ग्राम में व्यापार बढाने, हमारे ग्राम में पंचायत, विद्यालय, अस्पताल सुंदर हो, गलियॉ में गंदगी ना हो, गटर आदी का अच्छा निकास हो, वहॉ के युवाओं का अपने ग्राम को समृद्ध बनाने के प्रयास करने की चाह होना आवश्यक है।

ग्राम के विकास में सभी ग्रामवासियों का सहयोग लेना आवश्यक है। मदन मालवीय का उदाहरण देते हुए कहा गया कि ग्राम में ग्रामसभा, प्रवचन, पाठशाला, व्यायामशाला, त्योहारों को महोत्सव के रूप में मनाया जावे। उन्होंने कहा गया कि समिति द्वारा जो हरियाली, बावडी एवं सार्वजनिक स्थानो को बनाया गया है यह कार्य प्रशंसनीय है। आगे आप कार्य अच्छा करते रहे। कार्यक्रम में श्री विनोद मोहने सलाहकार, श्री अमित शाह संभाग समन्वयक इन्दौर, सरपंच श्रीमती लक्ष्मी मोहने एवं श्री मोहन जाट समाजसेवी सलकनपुर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## आपात स्थिति में गर्भवती को अस्पताल पहुंचाने पर निजी वाहन चालक को मिलेगा खर्च का रिम्बर्समेंट - कलेक्टर

**धार (निप्र)।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति आपातकालीन स्थिति में अपने निजी वाहन से किसी गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाता है, तो उसके द्वारा किए गए खर्च की रिम्बर्समेंट की व्यवस्था रेडक्रॉस के माध्यम से की जाए।



यह व्यवस्था जनसहयोग को प्रोत्साहित करने और समय पर प्रसव सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मानवीय कार्यों की प्रशंसा की जाना चाहिए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच मजबूत हो सके। यह निर्देश आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में आईएमआर और एमएमआर की विशेष समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि इन दोनों सूचकों में सुधार लाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि ये दोनों आंकड़े सभी स्वास्थ्य योजनाओं की सफलता से जुड़े हुए हैं और इनका उच्च होना इस बात का संकेत है कि गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है, जो मिसमैनेजमेंट का प्रतीक है। कलेक्टर मिश्रा ने स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई। उ

उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि अब तक सम्पूर्ण टीकाकरण क्यों नहीं हो पाया साथ ही इस दिशा में पुख्ता कार्ययोजना और जरूरी मॉनिटरिंग की अपेक्षा स्पष्ट रूप से जताई। बैठक में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की उपस्थिति और कार्य निष्पादन पर भी गहन चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएचओ की उपस्थिति की सत्यापन की जिम्मेदारी दूसरे विभागों के अधिकारियों को दी जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जो सीएचओ कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें सेवा से बाहर किया जाए। यह कार्रवाई सीएमएचओ स्तर पर की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामला मेरे संज्ञान में आया, तो संबंधित कंट्रोलिंग डॉक्टर पर भी कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि सीएचओ की गतिविधियों की मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जाए। स्वास्थ अमले की उपस्थिति 'सार्थक पोर्टल' पर अद्यतन रूप से दर्ज किए जाने के कार्य पर भी उन्होंने कैफ़ियत ली। बैठक में डॉक्टरों की ड्यूटी से अनुपस्थिति और कुछ कर्मचारियों द्वारा सिस्टम के दुरुपयोग पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की लापरवाही के कारण पूरा विभाग असफल घोषित होता है, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही संसाधनों के पुनर्वितरण की भी आवश्यकता जताई ताकि प्राथमिकता के आधार पर सेवा वितरण बेहतर किया जा सके।

## सोनकच्छ सिविल अस्पताल में नवीन सोनोग्राफी मशीन डेंटल क्लिनिक और फीजियोथेरेपी कक्ष का हुआ शुभारम्भ

**देवास (निप्र)।** सोनकच्छ सिविल अस्पताल में नवीन सोनोग्रॉफी मशीन, डेंटल क्लिनिक और फिजियोथेरेपी कक्ष का शुभारम्भ विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर एवं कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में हुआ। विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर एवं कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने इस दौरान गर्भवती महिलाओं को रक्षासूत्र बांधकर उन्हें सोनोग्रॉफी कार्ड प्रदान किया। उन्होंने एनआरसी का निरीक्षण कर महिलाओं से बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और फुड बास्केट प्रदान किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री ज्योति शर्मा, एसडीएम श्रीमती प्रियंका मिमरोट, तहसीलदार नेहा शाह, सीएमएचओ डॉ



सरोजनी जैम्स बैक, बीएमओ डॉ राजेश गुजराती, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, आगंवाडी कार्यकर्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर ने कहा कि सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र की छोटी से छोटी कमियों को पूरा करने के लिए शासन और प्रशासन द्वारा तत्परता से प्रयास किये जा रहे है।

इसी कड़ी में आज सिविल अस्पताल सोनकच्छ में सोनोग्रॉफी मशीन, डेंटल क्लिनिक और फिजियोथेरेपी कक्ष शुभारम्भ किया गया है। यह सरकार की संवेदनशीलता ही है, जिनके अथक प्रयासों से सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में कई विकासकार्य किये जा रहे है। शासन द्वारा विकास कार्यो के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किया जा रहा है।

विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर ने कहा कि आज सिविल अस्पताल में नवीन मशीनों के आ जाने से क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र के नागरिको को ईलाज के लिए कही ओर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा दीदी केंटीन का संचालन भी किया जायेगा। जिसके माध्यम से मरीजोंके परिजनों को अच्छा भोजन उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के लिए कई सौंगाते मिली है।

## केन्द्रीय जेल उज्जैन में निरुध्द दंडित बंदी भंवरलाल की उपचार के दौरान मृत्यु

**उज्जैन।** उज्जैन केन्द्रीय जेल अधीक्षक ने जानकारी दी कि बंदी भंवरलाल पिता गंगाराम निवासी लोहाना, थाना बड़नगर को जेल चिकित्सक, केन्द्रीय जेल उज्जैन के परामर्श अनुसार जिला चिकित्सालय उज्जैन भेजा गया था, जहां से एमव्हायएच इंदौर रेफर होने से जेल गार्ड एवं जेल वाहन से भेजा गया था, जहाँ चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा बंदी को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा था । 08 जूलाई को ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी श्री सन्नी गेहलोत द्वारा दूरभाष पर गेट कीपर प्रहरी श्री संजय पाठक को सूचना दी गई कि बंदी की मृत्यु हो गई है।उक्त दंडित बंदी भंवरलाल पिता गंगाराम कि मृत्यु की सूचना राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग दिल्ली, मानव अधिकार आयोग भोपाल, जिला दण्डाधिकारी, जिला- इन्दौर, पुलिस आयुक्त इन्दौर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, जिला - इन्दौर, जेल मुख्यालय भोपाल, एवं मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। मृत्यु के संबंध में थाना - एम. व्हाय. एच. पुलिस चौकी, संयोगितागंज (छावनी) इन्दौर, जिला-इन्दौर में मर्ग कायम कराया गया एवं माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्दौर से बंदी की मृत्यु के संबंध में न्यायिक जांच कराये जाने हेतु निवेदन किया गया ।

# कालापीपल के तालाब निर्माण कार्य का परीक्षण कराएं - कलेक्टर सुश्री बाफना

**शाजापुर (निप्र)।** अमृत योजना 2.0 योजना के तहत कालापीपल में तालाब पर किये गये स्टोन पीचिंग, वृक्षारोपण, डिसिल्टिंग आदि के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने कार्य की गुणवत्ता का जल संसाधन एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्रियो से परीक्षण कराने के निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर ने नगर परिषद कालापीपल के सीएमओ को भी कारण बताओं सूचना पत्र देने तथा भुगतान रोकने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री बाफना ने आज कालापीपल एवं अकोदिया क्षेत्र के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा अकोदिया में 19857 लाख रूपये लागत से सांदीपनि विद्यालय के सामने निर्मित किये जा रहे बायपास, राणोगंज में छतरी तक 72 लाख रूपये लागत से निर्माणाधीन सीसी सड़क तथा ग्राम जेठड़ा में कालापीपल तक कुल 12.6 किलोमीटर निर्माणाधीन सड़क लागत 16.82 करोड़ रूपये का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने जेठड़ा से कालापीपल सड़क मार्ग के बीच में पहले से बने आम रास्तें के लिए पहुंच मार्ग प्रदान करने के निर्देश दिये। इसी तरह राणोगंज सड़क के दोनों ओर नाली बनाने के निर्देश भी दिये।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने नगरपरिषद कालापीपल में वृक्षारोपण किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्री जयप्रकाश अग्रवाल भी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान ग्राम मनसाया में कलेक्टर ने लगभग 25 हजार रूपये लागत से निर्माणाधीन डगवेल रिचार्ज कार्य तथा कृषक श्री करणसिंह के खेत में 55 हजार 865 रूपये लागत से निर्माणाधीन खेत तालाब तथा ग्राम में ही 9 लाख रूपये से निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर ने खिड़कियों में जाली लगाने तथा काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

ग्राम बेहरावल में कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पोषण वाटिका बनाने के लिए प्राक्कलन तैयार करने के भी निर्देश दिये। ग्राम में निर्माणाधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का निरीक्षण किया।

**विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली की संरचनाओं का निरीक्षण:** कलेक्टर ने ग्राम बेहरावल में बने विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली (डीवॉट्स) की दो संरचनाओं तथा मोहम्मदपुर मछनाई में बनी एक संरचना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को डीवॉट्स की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि इस संरचना से गांव की नालियों का गंदा पानी, छनकर साफ पानी के रूप में बाहर आयेगा, जिससे नदियों एवं नालों का पानी प्रदुषित नहीं होगा।

**स्वसहायता समूह के संकुल द्वारा लगाई गई प्रिंटिंग प्रेस का निरीक्षण :** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने ग्राम खोकराकलां में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत बनें स्वसहायता समूह के संकुल द्वारा लगाई गई प्रिंटिंगप्रेस का निरीक्षण किया। कलेक्टर को स्वसहायता समूह के संकुल की दीदीयों ने प्रिंटिंगप्रेस की कार्यप्रणाली तथा प्रिंटिंग के लिए प्राप्त हो रहे ऑर्डर के बारे में बताया। कलेक्टर ने इस संकुल की आय बढ़ाने के लिए शासकीय कार्यालयों में प्रयुक्त होने वाली पंजियों, प्रपत्रों आदि की छपाई इस प्रेस से कराने के लिए एनआरएलएम प्रबंधक को दिये।

भ्रमण के दौरा ग्राम खरदौनकलां में पुरानी स्वीकृत आंगनवाड़ी भवन के निर्माण तथा इसी ग्राम में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। इसी तरह ग्राम राघोखेड़ी में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण कलेक्टर ने किया।

**गौशाला में पौधारोपण :** भ्रमण के दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्राम बेहरावल में गौशाला का निरीक्षण किया। इसके उपरांत कलेक्टर ने गौशाला प्रांगण में पौधारोपण भी किया।

**पीएमएफएमई इकाइयों के निरीक्षण :** कलेक्टर सुश्री बाफना ने कालापीपल एवं ग्राम राघोखेड़ी में हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत लगाई गई इकाइयों का निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत विकासखंड कालापीपल के ग्राम राघोखेड़ी में श्री आयुष राठौर द्वारा 45.00 लाख रूपये की लागत एवं 10.00 लाख अनुदान सहायता से फ्लोर मील इकाई स्थापित कर ग्रेन फ्लोर तैयार किया जा रहा हैं। वे इसका विक्रय भोपाल, सीहोर, स्थानीय बाजार में कर रहे हैं। इसी तरह कालापीपल में हितग्राही श्री अमित सोनी द्वारा 22.00 लाख रूपये की लागत एवं 7.70 लाख रूपये की अनुदान सहायता से बेकरी उद्योग स्थापित कर केक, पेस्टी, टोस, ब्रेड आदि उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिनका विक्रय सीहोर, राजगढ, स्थानीय बाजार में किया जा रहा हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर श्रीमती अर्चना कुमारी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी प्रबंधक आजीविका मिशन श्री राजकुमार हलदर, तहसीलदार कालापीपल श्रीमती मधु नायक, जनपद पंचायत सीईओ श्री डीआरएस राणे, कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री संजय मेहर, पीएचई श्री केएस डामोर, लोक निर्माण श्री हर्षवर्धन सिंह मुवेल, नायब तहसीलदार श्री विष्णु प्रजापति व श्री केएस ठाकुर, उपसंचालक उद्यान श्री मनीष चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।








ग्राम नापानेरा में खंड स्तरीय लोक कल्याण शिविर में आदरणीय मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार जी ने ग्रामीणों से चर्चा कर अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निवारण के लिए निर्देशित किया। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री जी ने 37 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण की और विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री श्री बद्रीलाल यादव जी, सुठालिया मंडल अध्यक्ष श्री श्याम सिंह चौहान जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नारायण सिंह सलरीयाखेड़ी जी, श्री मानसिंह राजपूत जी, सरपंच श्रीमती धापू बाई जी, एसडीएम श्रीमती गीतांजलि शर्मा जी, जनपद सीईओ श्री आर के मंडल जी सहित जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

## 13 जुलाई को कुरावर में होगा पेंशनर संघ का जिला सम्मेलन

**राजगढ़/कुरावर, निप्र।** मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल शाखा द्वारा 13 जुलाई को जिला सम्मेलन कुरावर के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में जिले के पेंशनर शामिल होंगे। कुरावर इकाई के अध्यक्ष पंडित बाबूलाल शर्मा व संघ के पदाधिकारियों द्वारा सभी पेंशनरों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा और विशेष अतिथि बादाम बाई चंद्रवंशी शामिल होंगी। अध्यक्षता पंडित दिनेश कुमार नागर जिला अध्यक्ष पेंशनर संघ, विशेष अतिथि आशीष शर्मा प्रबंधक बैंक आफ इंडिया, राकेश सोनी प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, अल्बीना टोप्पो भी शामिल होंगी।

### युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला एवं अप्रेंटीशिप मेलाआयोजित

**राजगढ़, निप्र।** शासकीय पीजी कॉलेज परिसर के सेमिनार हॉलमें बुधवार को युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला एवं अप्रेंटीशिप मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मेले में 42 आवेदकों ने पंजीयन कराया एवं 28 आवेदकों का प्रारंभिक चयन विभिन्न प्रतिष्ठानों/कंपनियों में हुआ।

## राजगढ़ के तीन स्टुडेंट्स को एनएमएमएस में सफलता

### 4 सालों तक मिलेगी 12 हजार की स्कॉलरशिप; गुराड़िया में प्राचार्य-शिक्षकों ने किया सम्मान

**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर ब्लॉक स्थित गुराड़िया गांव के शासकीय माध्यमिक स्कूल के तीन स्टुडेंट्स सानिया वर्मा, जगदीश सिसोदिया और संदीप चौहान ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनएमएमएस) 2024-25 में सफलता हासिल की है। एक दिसंबर 2024 को आयोजित परीक्षा का रिजल्ट 16 अप्रैल 2025 को घोषित किया गया था। चयनित छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक चार साल के लिए प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। बुधवार को स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में छात्रों का पारंपरिक स्वागत किया गया। जनशिक्षा केंद्र जैतपुरा के प्राचार्य राधेश्याम चौहान ने प्रत्येक छात्र को 500 रुपए की सम्मान राशि दी। स्कूल के शिक्षकों ने भी प्रोत्साहन राशि देकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। प्राचार्य ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से लगातार यहां से हर साल 2-3 छात्र एनएमएमएस में चयनित होते रहे हैं। स्कूल के प्राचार्य राजू गुप्ता ने इसे सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण बताया। कार्यक्रम में शिक्षक सावन डाबी, सोनू गुप्ता, जगदीश दांगी और योगेश दांगी ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने भविष्य में भी ऐसे उत्कृष्ट परिणाम लाने का संकल्प लिया।

## अब तक प्रतीक्षालय की सुविधा नहीं मिली, परेशान हो रहे यात्री



**राजगढ़/छापीहेड़ा, निप्र।** नगर में 23 साल पहले बना बस स्टैंड आज तक यात्री प्रतीक्षालय से वंचित है। इससे यात्रियों को सर्दी, गर्मी और बारिश में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। चिलचिलाती धूप और बारिश में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुले में खड़े रहने को मजबूर हैं। पहले नगर के युवाओं ने राधेश्याम पाटीदार की दुकान के सामने अस्थाई प्रतीक्षालय बनाया था। कोरोना काल में वह भी हट गया। तब से यात्री दुकानों की छांव में खड़े होते हैं। कई बार दुकानदारों की नाराजगी भी झेलनी पड़ रही है। स्थाई प्रतीक्षालय के लिए नगर परिषद ने परिसर में स्थित जन शिक्षा केंद्र की जगह तय की थी। सीएमओ ने दो माह पहले निर्माण की बात कही थी। लेकिन अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। बारिश शुरू हो चुकी है। ऐसे में प्रतीक्षालय की जरूरत और बढ़ गई है। जन शिक्षा केंद्र की जगह बना सकते हैं प्रतीक्षालय बस स्टैंड परिसर में जगह की कमी है। लोगों का कहना है कि जन शिक्षा केंद्र की जगह पर प्रतीक्षालय बन सकता है। इसके लिए नगर परिषद ने शिक्षा विभाग से जगह मांगी है। लेकिन शिक्षा विभाग ने शर्त रखी है कि पहले कन्या शाला परिसर में जन शिक्षा केंद्र के लिए नया भवन बनाकर देना होगा। जन शिक्षा केंद्र अभी स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में चल रहा है। सात साल पहले परिषद की बैठक में इस पर सहमति बनी थी। लेकिन अब तक भवन नहीं बन पाया।

### राजगढ़ ड्यूटी करने आ रहा आरक्षक दुर्घटना में घायल

**राजगढ़, निप्र।** गुरुवार को ब्यावरा यातायात थाने से राजगढ़ में विशेष ड्यूटी पर आ रहे प्रधान आरक्षक सतीश भटनागर हाईवे पर टोल नाके के पास बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जा रहा था इसी दौरान उसका डीजल खत्म हो गया। ऐसे में पीछे से आ रहे दूसरे पुलिसकर्मी ने अपनी कार से घायल कांस्टेबल को जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल आरक्षक का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।



## मुस्लिम प्रतिनिधियों ने स्वागत कर जताया आभार

**श्योपुर (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के कुशल नेतृत्व में शांति, सौहार्द एवं सद्भावपूर्ण माहौल में संपन्न हुए मोहर्रम पर्व के लिए मुस्लिम प्रतिनिधियों द्वारा आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर आभार जताते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर हज कमेटी जिला अध्यक्ष श्री सैयद सलीम जावेद अली, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री अकरम खान, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष श्री जाकिर कुरैशी, अल्पसंख्यक मीडिया प्रभारी श्री समीर पठान, मदरसा बोर्ड पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जाहिद अंसारी, श्री वसीम खान आदि उपस्थित रहें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा मोहर्रम पर्व के दौरान शांति समिति में लिये गये निर्णय अनुरूप किये गये विभिन्न प्रबंधो तथा व्यवस्थाओं के लिए मुस्लिम प्रतिनिधियों द्वारा आभार जताते हुए साफा पहनाकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, साथ ही मुस्लिम समुदाय से जुडी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

## माचलपुर में हवलदार ने युवक पर खुरपी से हमला किया

### चरित्र शंका में भाई के साथ मिलकर वार, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ के माचलपुर थाना क्षेत्र के लिम्बोदा गांव में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात एक युवक पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किया गया। रात करीब 1 : 30 बजे सेना में पदस्थ इंदरसिंह गुर्जर अपने भाई समंदरसिंह के साथ तेजसिंह गुर्जर के घर में घुसा और उस पर धारदार खुरपी से ताबड़तोड़ वार किए। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद झालावाड़ रेफर किया गया।

### भाई के साथ मिलकर हमला किया

पुलिस के अनुसार इंदरसिंह को शक था कि उसकी गैरमौजूदगी में तेजसिंह उसके घर आता है। इसी संदेह के चलते उसने भाई के साथ मिलकर हमला किया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को उनके खेत से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने हमले की बात कबूल की और बताया कि खुरपी को घर में प्याज के कट्टों के बीच






छिपा दिया था।गौरतलब है कि इंदरसिंह गुर्जर आर्मी की 30 राजपूत बटालियन में हवलदार के पद पर फतेहगढ़ उत्तरप्रदेश में पदस्थ है।

### पहले से आपराधिक रिकॉर्ड, एक पर स्थायी वारंट

जांच में सामने आया कि दोनों भाइयों पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी इंदरसिंह गुर्जर के खिलाफ न्यायालय जीरापुर से स्थायी वारंट भी जारी था। थाना प्रभारी पूजा परिहार ने बताया कि आरोपियों पर अपराध क्रमांक 206/2025 के तहत धारा 109(1), 331(6), 296, 3(5) बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पूजा परिहार, एसआई गुड्डू कुशवाह, समीर खान, नरेश मीणा सहित पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही।

# हाईवे पर घूमते गौवंश को हटाने मनरेगा से मिलेंगे मजदूर

### राजगढ़ कलेक्टर ने कहा- टैग लगे गोवंश का ही होगा सत्यापन



**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ जिले में गौशालाओं की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि गौशालाओं में अब सिर्फ टैग लगे पशुओं का ही सत्यापन किया जाएगा। साथ ही गौशालाओं को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करना होगा। पशु चिकित्सा अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के आदेश दिए गए हैं।

**हाईवे पर घूमते गोवंश हटाने के लिए मजदूर तैनात होंगे :** राष्ट्रीय राजमार्गों पर घूमते निराश्रित गोवंश की समस्या के समाधान के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों को मनरेगा के तहत मजदूर नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इन मजदूरों को वर्दी, लाठी, टॉर्च और व्हिसल दी जाएगी। वे गोवंश को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम करेंगे। पेट्रोलिंग वाहनों की मदद भी ली जाएगी।

### मंडियों की खाली जगह में बनेगा अस्थायी आश्रय

समिति के उपाध्यक्ष कपिल शर्मा ने बारिश के मौसम को देखते हुए मंडियों की खाली जगहों को गोवंश के अस्थायी आश्रय के रूप में इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। बीमार या घायल गोवंश के लिए तत्काल रेस्क्यू की व्यवस्था भी की जाएगी।

### ये अफसर बैठक में शामिल रहे

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एस. बंजारे और उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. महिपाल सिंह कुशवाह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सभी ने जिले की गौशालाओं की वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श किया।

### जिला परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग कर की गई कार्यवाही

**अशोक नगर (निप्र)।** जिला परिवहन कार्यालय अशोकनगर के अन्तर्गत स्कूली वाहन तथा यात्री वाहनों की तथा आटो रिक्शा वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लगभग 32 वाहनों को चेक किया गया। जिसमें 12 वाहनों की चालानी कार्यवाही की गई। इन वाहनों में विभिन्न धाराओं में कार्यवाही करते हुये 19 हजार रूपये का समझौता शुल्क वसूला गया।



## पाबंदी सुस्त, बुधवार को फिर बाजार में लगने लगा सब्जी बाजार बढ़ेगी परेशानी

**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ शहर में हर बुधवार लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार के दौरान बड़ी संख्या में लगने वाली अस्थाई दुकानों और ग्राहकों के कारण सुबह से देर शाम तक मुख्य मार्ग पर पूरी तरह जाम लग जाया करता था। ऐसे में बुधवार के दिन यह किसी आपातकाल कीं स्थति में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, बिजली वाहन, पुलिस वाहन जैसे जरुरी वाहनों का गुजरना लगभग असंभव था। जबकि सकरा बाजार होने ने लोगो खासकर महिलाओं को खासी परेशानी होती थी। ऐसे में करीब तीन साल पहले नगरपालिका ने बुधवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार को पाटन रोर्ड स्थत प्रस्तावित सब्जी मंडी में शिफ्ट कर दिया था। शुरुआत में यह व्यवस्था सुचारू रूप से चली, बुधवार को मुख्य बाजार में बड़े शहरो की तरह चौड़ी सड़कों की सुविधा मिली। तब नगरपालिका के कर्मचारी भी इस पर ध्यान देते थे की बुधवार के दिन कोई भी सब्जी की दुकान पाटन रोड सब्जी मंडी के अलावा कहीं और न लगे। लेकिन धीरे धीरे नगरपालिका ने भी इस ओर ध्यान देना कम कर दया। इस परिणाम यह हुआ है कि अब फिर से न सिर्फ मुख्य सब्जी मंडी बल्कि घुमघाटी सहित अन्य कई जगह पर सब्जी की दुकानें लगने लगी है। इस बुधवार को ऐसी कई दुकानें जय स्तंभ से लेकर पारायण चौक तक, घूमघाटी, खिलचीपुर नाका आदि स्थानों पर नजर आई। इस तरह दुकानें लगने से जहां शहर में फिर जाम की पुरानी समस्या नजर आई बल्कि निर्धारित स्थान पर दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ा। स्वच्छता निरीक्षक गिरिराज कलोशिया ने बताया कुछ दुकानों के बाजार में लगने की जानकारी मिली है। अगले बुधवार इन्हें सुबह से हटवा दिया जाएगा। यहां दुकानें लगाने वालों पर कार्रवाई करेंगे।

# हाई रिस्क गर्भवती स्वास्थ्य शिविर निरीक्षण पर पहुंची सीएमएचओ



### अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए तुरंत सुधार के दिए निर्देश

**राजगढ़, निप्र।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान अंतर्गत जिला अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं की जांच उपरांत उपचार और परामर्श दिया। ग्रामीण क्षेत्र से अचानक बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं जिला अस्पताल पहुंची। जिसके चलते वहां व्यवस्थाएं बिगड़ गई।इसकी सूचना ग्रामीणों के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल को मिली।

सीएमएचओ द्वारा जिला अस्पताल में चल रहे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक डॉक्टर और एक स्टाफ नर्स के भरोसे तकरीबन दर्जनों गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही थी। इस पर उन्होंने तुरंत सिविल सर्जन और आरएमओ को स्टाफ बढ़ाने के निर्देश दिए।साथ ही बैठने के लिए उचित व्यवस्था करने, पेयजल हेतु स्वच्छ साफ पानी की व्यवस्था, हवा के लिए कूलर, पंखे की व्यवस्था और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक स्वल्पाहार देने के निर्देश दिए। वहीं मौके पर मौजूद आशा कार्यकर्ताओं को समस्त व्यवस्थाएं यदि पूरी नहीं होती है तो तुरंत सीएमएचओ को सूचित करने की बात कही, उन्होंने सभी लोगों को अपने मोबाइल नंबर भी शेयर किया। इस अवसर पर जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र सिंह और जिला मूल्यांकन अधिकारी श्री आनंद भारद्वाज मौजूद थे।

### खिलचीपुर और जीरापुर के स्वास्थ्य शिविरों का भी निरीक्षण

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा जीरापुर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। 36 गर्भवती में से 13 गर्भवती हाई रिस्क चिन्हित कि गई। साथ ही सीएमएचओ द्वारा ब्रह्माण गांव में आयोजित होने वाले ब्लड डोनेशन कैंप की तैयारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं खिलचीपुर में आयोजित शिविर के दौरान संतुष्टि पूर्ण व्यवस्थाएं दिखाई दी। खिलचीपुर ब्लॉक के ग्राम हरिपुरा में उल्टी दस्त के मरीजों की जानकारी लेकर बीएमओ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरूण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादकः** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादकः इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435(समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)